E Mail I.D.:- cfgarhwalp@gmail.com cfgarhwal555@gmail.com , Phone & Fax :- 01368-222566

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी।

पत्रांकः– 1644 / 12-1 **, दिनांक, पौड़ी, ~~दिसम्बर,~~** 03/01/23 ~~**2022.**~~

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग पौड़ी।

विषयः– **मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली के विकासखण्ड थराली के विकासखण्ड घाट में बंगाली (बांजबगड़) से रूईसाण तक मोटर मार्ग के नव निर्माण का वन भूमि हस्तान्तरण। प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/146251/2021**

सन्दर्भः– **आपकी पत्र सं0 1962/12–1 दिनांक 19.10.2022**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग के प्रस्ताव की हार्ड प्रति दिनांक 17.11.2022 व ऑनलाईन दिनांक 12.12.2022 को इस कार्यालय में प्राप्त हुई का ऑनलाईन एवं हार्ड प्रति के अनुसार परीक्षण करने व अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 25.12.2022 को किये गये स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त निम्न कमियां पाई गई हैः–

1– प्रस्ताव में ऑनलाईन पार्ट ।। के पैरा 13 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण से सम्बन्धित के0एम0एल0 फाईल एवं उपयुक्तता प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया है।
2– प्रस्ताव में संलग्न मलवा निस्तारण योजना में मार्ग की लम्बाई 19 किमी0 अंकित की गई है के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करें।
3– प्रस्ताव में मलवा निस्तारण हेतु 1.65 है0 आरक्षित वन भूमि में लिया गया है का औचित्य स्पष्ट करते हुये मलवा निस्तारण हेतु अन्यत्र स्थल का चयन किया जाए।
4– प्रस्ताव में मलवा निस्तारण योजना के लिये reclamation plan प्रस्तुत करें।
5– प्रस्ताव में ऑनलाईन पार्ट ।। के पैरा 4(ii) में प्रभावित होने वाले वृक्षों की सं0 384 तथा हार्ड प्रति में 445 अंकित की गई है के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करें।
6– प्रस्ताव में ऑनलाईन पार्ट।। एवं हार्ड प्रति में अधिकांश प्रभावित होने वाले वृक्षों का वैज्ञानिक नाम अंकित नहीं किया गया है।
7– प्रस्ताव में लैन्ड शेड्यूल एवं प्रभावित होने वाले वृक्षों का विवरण एस0ओ0पी0 के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रेषित किया जाए।
9– प्रस्ताव में जिलाधिकारी द्वारा निर्गत एफ0आर0ए0 प्रमाण पत्र में पत्रांक अंकित नहीं है।
10– प्रस्ताव के पार्ट । के पैरा A(iii) में परियोजना का संक्षिप्त विवरण नहीं लिखा गया है।
11– प्रस्ताव के पार्ट । के पैरा B(i) में Under Processing at State Government, Proposal No- FP/UK/ ROAD /119888/2021 का उल्लेख किया गया है के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करें।
12– प्रस्ताव के पार्ट । के E(ii) में अस्थाई रोजगार (व्यक्ति दिनों की संख्या) में 400000000 अंकित किया गया है के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जाए।
13– पार्ट । के addition information में एन.पी.वी. का प्रमाण पत्र बिना हस्ताक्षर के अपलोड किया गया है।
14– प्रस्ताव में वैकल्पिक संरेखण प्रेषित किया जाए।
15– प्रस्ताव के के0एम0एल0 फाईल का डी0एस0एस0 एनालिसिस किया गया जिसमें कुल प्रभावित क्षेत्रफल 18 है0 (एम0डी0एफ0– 7 है0, नॉन फारेस्ट–7 है0, ओपन फारेस्ट–2 है0, वी0डी0एफ0–2 है0) प्रदर्शित हो रहा है जबकि आपके द्वारा प्रस्ताव 10.3125 है0 (वन भूमि– 7.95, नाप भूमि–2.3625) का प्रेषित किया गया है के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जाए।

अतः उपरोक्त कमियों का निराकरण करते हुये प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रकरण में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,

(पंकज कुमार)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त उत्तराखण्ड पौड़ी

//Jaideep//